# वडगांव आनंद में जलाशय 'अमृतकुंभ' शुरू

## मुकुल माधव फाउंडेशन व फिनोलेक्स पाइप्स का उपक्रम

संवाददाता

**पुणे.** जिले में जुन्नर तहसील के निकट वडगांव आनंद में एक जलाशय 'अमृतकुंभ' शुरू किया गया. मुकुल माधव फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी रितु छाबरिया और पुणे के जिलाधीश सौरभ राव द्वारा इसका शुभारंभ किया गया. इसके पहले इस क्षेत्र के तीन जिले पानी आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर थे. फिनोलेक्स पाइप्स ने समस्या को पहचाना, जिसका सामना गांव वाले कर रहे थे और इस जलाशय 'अमृतकुंभ' को भरने के लिए नहर से 2.5 किमी तक पाइप लाइन बिछाकर उनकी मदद करने का निर्णय लिया.



### 2.5 किमी बिछेगी पाइप लाईन

फिनोलेक्स पाइप को 'जलयुक्त शिवार (हर खेत के लिए पानी) के लिए योगदान करने के निमित्त यह अवसर पाने पर गर्व की अनुभूति हुई है, जो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस के सुनहरे प्रोजेक्टों में से एक है. गांववालों ने फिनोलेक्स और मुकूल माधव फाउंडेशन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की.

इस अवसर पर मुकुल माधव फाउंडेशन ने उसी गांव के एक जिला परिषद स्कूल को वित्तीय सहायता प्रदान की, ताकि उसकी जरूरतों को पूरा करने में उसे मदद मिले. इस कार्य का सफलतापूर्वक पूरा होना गांववालों के अथक प्रयासों एवं एकता के बिना संभव नहीं होता. यह डी बी वालुंज, वैशाली देवेकर, दत्ता सकोरे और फिनोलेक्स से बी आर मेहता के मार्गदर्शन के तहत किया गया.